हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 जनवरी 2024

04 सुपर ओवर के साथ ललितपुर टीम रही विजेता, टीकमगढ़...



06 हर एक व्यक्ति को सक्षम बनाना यही भाजपा सरकार का...





## खबर संक्षेप

### श्री राम जी के जीवन चरित्र पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सागर।** राम जी के जीवन चरित्र पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 18 जनवरी को स्कूल एवं महाविद्यालय स्तर तथा 20 जनवरी को जिलास्तर प्रतियोगिताएँ आयोजित होगी। प्रतियोगिता में आलेख मेरे जीवन में श्री राम कक्षा 5 वी से 8 वीं तक एवं 9 वीं से 12वीं, निबंध श्रीराम जी के सिद्धांतों की वर्तमान समय में प्रासंगिता कक्षा 12वी, चित्रकला श्रीराम जी का जीवन चरित्र कक्षा 9वीं से 12वीं भाषण श्रीराम जी का जीवन दर्शन और आज के युवा कक्षा 9वीं से 12वीं एवं महाविद्यालय में प्रवेशित सभी विद्यार्थियों के लिए। जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय सागर में एवं स्कूल स्तर पर एक्सीलेंस स्कूल सागर में आयोजित होगी।

### संतान पालन अवकाश के लिए प्रावधान

**सागर।** मध्यप्रदेश सिविल सेवा अवकाश नियम 1977 में संशोधन करते हुये संतान पालन अवकाश जोड़ा गया है। अवकाश नियम 38 के तहत महिला शासकीय सेवकों को संतान देखभाल अवकाश की स्वीकृति सामान्य रूप से परिवीक्षा कालावधि के दौरान स्वीकृत नहीं किया जायेगा तथापि, विशेष परिस्थितियों में, यदि परिवीक्षा कालावधि के दौरान अवकाश स्वीकृत किया जाता है तो परिवीक्षा की अवधि स्वीकृत अवकाश की उस कालावधि के बराबर अवधि तक के लिए बढ़ा दी जाएगी, जिसके लिए अवकाश स्वीकृत किया गया है।

### शिवसेना आज सवा पांच क्विंटल भोला भोग का वितरण करेगी

**सागर।** 15 जनवरी मकर सक्रांति पर प्रतिवर्ष की परम्परा का अनुसरण करते हुए शिवसेना संगठन ने शिव मंदिर गुजराती बाजार सागर में सवा पांच क्विंटल भोला भोग, भण्डारा प्रसादी वितरण करने का निर्णय लिया है। शिवसेना राज्य उपप्रमुख पप्पू तिवारी ने बताया कि स्वच्छता का ध्यान रखते हुए गुजराती बाजार शिव मंदिर पर शिवसैनिक महा परसादी के साथ पुजारी, पुरोहितगण, वैदिक मंत्रोचारण विधि से शिव अभिषेक के साथ भोला भोग वितरण की शुरूआत करेगे। शिवसेना संगठन गत 24 वर्षों से भोला भोग प्रसादी का आयोजन करता आ रहा है, जो श्रृंखला इस वर्ष भी जारी रहेगी। शिवसेना जिला संगठन प्रमुख हेमराज आलू ने सभी शिवभक्तों से भोला भोग महापरसादी में शामिल होने की अपील की है।

### वरिष्ठजन भरण-पोषण अधिनियम लागू

**सागर।** वरिष्ठजनों के लिये भरण-पोषण अधिनियम- 2007 सहायक बन कर सामने आया है। जिस प्रकार उम्र बढ़ने पर सहारे के लिये लाठी की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार यह अधिनियम वरिष्ठजनों के लिये सहारे की लाठी बन कर उभरा है। अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठजनों और अभिभावकों को समर्थन प्रदान करने वाली व्यवस्था की रचना करना है, जिससे वे एक विशेष ट्रिब्यूनल (अधिकरण) के समक्ष निर्धारित 90 दिन की समय-सीमा के अंदर भरण-पोषण के अधिकार को सुलभता और शीघ्रता से प्राप्त कर सकें। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम-2007 प्रदेश में 23 अगस्त, 2008 से लागू है। इसमें वे अभिभावक और वरिष्ठ नागरिक जो अपनी आय अथवा सम्पत्ति द्वारा होने वाली आय से अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं, अपने वयस्क बच्चों अथवा संबंधियों से भरण-पोषण प्राप्त करने के लिये आवेदन कर सकते हैं।

प्राचीन भूतेश्वर मंदिर से मंत्री राजपूत ने की झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत

# श्री रामलला के स्वागत में हर मंदिर, शहर, घर आंगन हो साफ-स्वच्छः मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

### प्राचीन भूतेश्वर मंदिर से मंत्री राजपूत ने झाड़ू लगाकर की स्वच्छता अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




सागर सहित भारत देश के करोड़ों नागरिक 22 जनवरी के लिए भारी उत्साहित , 550 वर्ष बाद भगवान श्री राम बिराजेगे अपने मंदिर में उक्त विचार मध्य प्रदेश शासन की खाद नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आज सागर के प्राचीन भूतेश्वर मंदिर से झाड़ू लगाकर की स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए व्यक्त किये।

इस अवसर पर महापौर संगीता तिवारी, सुखदेव मिश्र, रितेश मिश्रा, जगन्नाथ गोरिया, नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विजय डहेरिया, तहसीलदार प्रवीण पाटीदार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं मंदिर समिति के सदस्य सहित अधिकारी मौजूद थे। खाद नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आज 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर की प्रमाण प्रतिष्ठा के अवसर पर सागर में प्राचीन भूतेश्वर मंदिर से झाड़ू लगाकर संपूर्ण मध्य प्रदेश में मंदिर परिसर की सफाई अभियान की शुरुआत की। मंत्री राजपूत ने कहा कि संपूर्ण सागर सहित पूरे देश के करोड़ों व्यक्ति 22 जनवरी के लिए उत्साहित थे कि कब हमारे भगवान श्री राम अपने नवीन मंदिर में विराजेंगे। उन्होंने कहा कि वही 22 जनवरी का दिन हम सबके लिए अत्यंत गौरव का दिन है जब 550 वर्षों की प्रतिज्ञा संकल्प पूरा हो रहा है और भगवान श्री राम अपने नवीन मंदिर में विराज रहे हैं। उन्होंने सागर सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश वासियों से उन्होंने अपील की कि आज से सभी अपने-अपने आसपास के मंदिरों की सफाई अभियान प्रारंभ करें और 22 जनवरी तक सभी मंदिरों में भजन कीर्तन प्रारंभ करें एवं आज से ही सभी घरों में पांच दीपक अवश्य जलाएं और 22 जनवरी को अपने-अपने घरों पर दुकानों पर कार्यालय पर रोशनी करें।उन्होंने कहा कि 22 जनवरी के दिन मंदिर समितियां के माध्यम से भंडारा भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे लिए दीपावली जैसा ही है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना संकल्प 22 जनवरी को पूरा हो रहा है।

### मंत्री राजपूत ने शिव जी का किया अभिषेक

मंत्री राजपूत ने स्वच्छता अभियान के पूर्व प्राचीन भूतेश्वर मंदिर में भगवान शंकर का पूरी विधि विधान के साथ अभिषेक पूजा अर्चना की एवं सागर सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश की सुख समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। मंत्री राजपूत ने भगवान श्री राम मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की एवं मां अन्नपूर्णा मंदिर में पूजा करने के बाद हवन भी किया।



## तीन दिवसीय खुरई महोत्सव का शुभारंभ आज

**खुरई।** खुरई के विख्यात तीन दिवसीय खुरई महोत्सव (डोहेला महोत्सव) का भव्य शुभारंभ 15 जनवरी मकर संक्रांति के दिन किया जाएगा। खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह द्वारा प्रतिवर्ष कराए जाने वाले इस महोत्सव में प्रथम दिवस 15 जनवरी को बॉलीवुड की पार्श्व गायिका निखिता गांधी और उनकी टीम खुरई के इस भव्य मंच पर अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। प्रथम दिन के कार्यक्रम अनुसार प्रतिवर्ष की भांति प्रातः 9 बजे सरोज भूपेंद्र सिंह डोहेला मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना और भगवान शिवजी का अभिषेक करेंगी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।किला मैदान में खुरई महोत्सव की प्रथम दिवस की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ सांसद राजबहादुर सिंह, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह एवं खुरई के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शाम 6 बजे होगा। औपचारिक समारोह के पश्चात पार्श्व गायिका निखिता गांधी और उनकी टीम अपने मोहक संगीत की प्रस्तुतियां देंगे। खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक से अनुरोध किया है कि सभी तीनों दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मेला, उत्सव, खरीददारी, व्यंजनों का आनंद लें और अपने प्रगति पथ पर बढ़ चुके खुरई नगर के विकास कार्यों का भी अवलोकन करें। उल्लेखनीय है कि खुरई महोत्सव में सैकड़ों की संख्या में दुकानदारों के विविध सामानों, वस्त्रों, बर्तनों खेल खिलौनों से सजे बाजार, महिला स्वसहायता समूहों की सामग्रियों से भरे हाटबाजार परिसर में लगाए गए हैं।

## देश की सीमाओं पर वीर सपूतों के प्राणोत्सर्ग के कारण हम देश के अंदर सुरक्षित हैं : शैलेंद्र जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सशस्त्र सेना वेटरंस दिवस के अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने अपने निवास पर पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कलेक्टर दीपक आर्य, पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी कैप्टन यूपीएस भदौरिया, अनुश्री जैन उपस्थित थे।

कार्यक्रम को विधायक शैलेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए अदम्य साहस का परिचय देने वाले वीर सपूत जो आज हमारे बीच मे नहीं है उनके परिजनों को आज वेटरेंस डे के अवसर पर सम्मानित करने का हमने निर्णय लिया है।

हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2016 से वेट्रेंस डे को आयोजित करने की शुरुआत की, देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने व्यक्तिगत रूप से इस आयोजन को करने के लिए पत्राचार किया उस तरह के कार्यक्रम से भावो की अभिव्यक्ति के लिए अवसर मिलता है। हमारे सैनिकों एवं उनके परिजनों के सम्मान की रक्षा करना हमारा दायित्व है हमारे कलेक्टर दीपक आर्य एवं कैप्टन यू पी एस भदौरिया ने व्यक्तिगत रुचि लेकर इस आयोजन में महती भूमिका निभाई है। हमने यह नई शुरुआत की है और हम कोशिश करेंगे की हर वर्ष इस कार्यक्रम को करते रहें। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया कि पूर्व सैनिकों के लिए हम एक अच्छा ऑडिटोरियम का निर्माण करें इसके लिए कलेक्टर महोदय भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करें उन्होंने अपने उद्बोधन में मेजर जनरल करियप्पा का भी उल्लेख किया। कलेक्टर दीपक आर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक जैन ने एक अच्छी पहल करते हुए सागर में एक नई शुरुआत की जिसमे हमारे पूर्व सैनिक एवं उन के परिजनो को सम्मानित करने का कार्य किया है, हमारे देश के वीर सपूतों ने अपने प्राणों का त्याग करके अपने देश की रक्षा की है हम उन्हें इस कार्यक्रम के माध्यम से याद कर सकते हैं। कार्यक्रम को कैप्टन यू पी एस भदौरिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैप्टन (नो सेना) यूपीएस भदौरिय (मिटा) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी और सागर, ले.कर्नल राम सिंह रिटा), कर्नल आर एस यादव (रिटा), मेजर एस सी शमी (रिटा), प्रदीप कुमार राय (कल्याण संयोजक) जिला सैनिक बोर्ड, मेजर गजराज सिंह उपस्थित थे।

### मधुकरशाह वार्ड पहुंची अक्षत यात्रा, महिलाओं ने कलश लेकर किया स्वागत

**सागर।** 500 वर्षो के इंतजार को पूरा होने में कुछ ही समय शेष हैं प्रत्येक भारतवासी को जिस दिन का इंतजार था वो आने वाला हैं प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजने वाले हैं 22 जनवरी को अयोध्या जैसा उत्सव सभी सागरवासी सागर में मनाएंगे जिसकी तैयारिया व्यापक रूप से प्रारंभ हो चुकी हैं यह बात विधायक शैलेंद्र जैन चौथे दिन अक्षत यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कही। विधायक जैन ने कहा की प्रभु श्री राम सबके हैं और सभी मिलकर जब 22 जनवरी को उत्सव मनाएंगे तो ऐसा नजारा होगा जो शायद भविष्य में देखने नही मिलेगा लोगो का भक्ति पूर्ण उत्साह बता रहा है की सागर में 22 जारी श्री अयोध्या धाम जैसा नजारा दिखाई देगा। चौथे दिन अक्षत यात्रा श्री काल भर मंदिर से प्रारंभ हुई मधुकर शाह वार्ड में यात्रा का स्वागत बड़ी संख्या में महिलाओं ने सर पर कलश रखकर रंगोली सजाकर किया इस दौरान विधायक जैन भी अपने सर पर कलश लेकर चले और लोगों को अक्षत भेंट किए,अक्षत यात्रा में बड़े बड़े ध्वज लेकर चल रहे युवा प्रभु श्री राम के जयकारों के साथ प्रभु भक्ति में लीन थे तो डमरू दल और भजन मंडलियों मधुकर शाह वार्ड का वातावरण भक्तिमय कर दिया ।श्री राम मंदिर की प्रतिकृति व रामदरबार की पूजा अर्चना करने आम जन घरों से निकल रहे थे ।

## रहली में दिनों-दिन बढ़ रहा अवैध जुआ सट्टा, शराब की बिक्री का कारोबार, क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी

**रहली।** रहली क्षेत्र में इन दिनों अवैध जुआ, सट्टा अवैध शराब का कारोबार जमकर फलफूल रहा है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में जमकर शराब बेची जा रही हर। कार्यवाही की बात है तो खानापूर्ति अथवा विभागीय अभियान के नाम पर औपचारिकता ही नजर आती है। गली चौराहों पर सट्टा पर्ची काटने वाले, जुआ के फड़ तास के पत्तो पर हार जीत का दाव लगाते हुए लोग आसानी से देखे जा सकते है।।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन वा रात अलग अलग सिफ्टो में जुआ के फड़ और सट्टा की बुकिंग चल रही है। शासकीय दुकानों से अवैध शराब परिवहन कर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुचाई जा रही है। इन अवैध गतिविधियों पर काबू करने में पुलिस के साथ आबकारी महकमा भी नजरअंदाज किये बैठा है। वही चोरी की बरदाते भी अधिक हो रही है और किसी भी बड़ी चोरी का खुलासा पुलिस नही कर पाई है। नगर में लगातार मोटरसाइकिल चोर गिरोह सक्रिय है जिसका पता नही चल पा रहा है।

## नगर-निगम ने खुले में मांस-मछली विक्रय करने वाले दुकानदारों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासनादेश के पालन में नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देश अनुसार खुले में मांस, मछली का विक्रय बंद कराने हेतु गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर खुले में मांस, मछली विक्रय करने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की गई। जिसमें संजय ड्राइव पर सड़क किनारे चबूतरा बनाकर लगाई जा रही दुकानों को जेसीबी से तोड़कर 40 किलो मछली जप्तकर फिनाईल डालकर नष्ट करने की कार्रवाई की गई।इसके साथ ही नगर निगम के दल द्वारा तिलकगंज एवं बाघराज वार्ड में खुले में मांस विक्रय करने वाली दुकानों को बंद कराया गया साथ ही दुकानदारों को फिर से दुकान न लगाने के लिए समझाईश दी गई । निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा है कि शासन के आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए, खुले में सड़क किनारे मांस- मछली विक्रय करने वालों के खिलाफ प्रतिदिन सख्ती से कार्रवाई की जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जावेगी । दल प्रभारी शईदउद्दीन कुरैशी द्वारा दुकानदारों को हिदायत दी गई कि खुले में मांस-मछली का विक्रय न किया जाय अन्यथा उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। शासन के आदेशानुसार खुले में मांस-मछली का विक्रय किया जाना प्रतिबंधित किया गया है इसलिये अब नगर निगम क्षेत्र में किसी भी स्थान पर कोई भी व्यक्ति / दुकानदार खुले में मांस-मछली का विक्रय नहीं कर सकेगा अन्यथा की स्थिति में उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुये उनके ठेला/टपरा को जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी । जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।



## राष्ट्रीय युवा दिवस व मकर संक्रांति के अवसर पर स्वरोजगार के लिए आवेदन जमा कराए

**सागर।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर शासन द्वारा 15 जनवरी तक युवाओं और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में अनेकों गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आजीविका मिशन शहरी नगर निगम द्वारा स्वरोजगार योजना अंतर्गत 13 जनवरी शनिवार को 14 हितग्राहियों के ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा करवाएं गए और आवेदकों को समझाईश दी गई कि वे स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु स्वरोजगार योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं । साथ ही स्ट्रीट वेंडर अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए पी एम स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंको के माध्यम से दिए जा रहे लोन लेकर योजना का लाभ ले सकते हैं ।



## रैनबो पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

**सागर।** बच्चों के व्यक्तित्व में चहुंमुखी प्रतिभा और ऊर्जा का इंद्र धनुष बसा होता है, उनको पूरा आसमान मिले तो निखार आ जाता है । शिक्षा के साथ साँस्कृतिक गतिविधियों और खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। उनमें सहयोग की भावना पनपती है ये विचार दिये प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन देते हुए। प्रो राजपूत ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ ही सांस्कृतिक और खेल समारोह अनुशासन सिखाते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से अभिभावकों के मन में भी उमंग बढ़ती है। वार्षिक समारोह उत्साह और उमंग का त्यौहार होता है और विद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन भी। देशभक्ति और सामाजिक मूल्यों से पूरित प्रस्तुतियों के लिए सभी को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि प्रभु दयाल पटेल ने कहा कि रैनबो पब्लिक स्कूल की प्रगति प्रसन्नता और बधाई की बात है। बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन पर उन्होंने बधाई दी। स्कूल की प्राचार्य कला सिंह राजपूत ने कहा कि सभी का समन्वित प्रयास हमेशा सुख दायी और प्रेरक होता है। बच्चों ने देश भक्ति से भरे गीत नृत्य, बधाई और अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समारोह में सिध्दार्थ जैन, सौरभ जैन, शैफाली जैन, वापी शर्मा, प्रीति सिंह, सुचित्रा अग्रवाल, प्राचार्य कला सिंह राजपूत, भाग्यश्री, अन्य शिक्षकों के साथ छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों की उपस्थिती रही।

मकर संक्रांति और बसंत पंचमी पर विशाल मेला लगता है

## सागर से 40 किमी दूर बरकोटी के पास नाहर मऊ में स्थित है गोंडवाना रियासत के 52 गढ़ में से एक गढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरझामर



गौड़वाना रियासत के 52 गढ़ो मे से एक ग्राम नाहरमऊ जो सागर जिले की सबसे ऊंची चोटी नीलकंठेश्वर गणराज पर्वत के नाम से प्रसिद्ध है । प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मकर संक्रांति एवं बसंत पंचमी पर विशाल मेला लगता हैं । जिसमे हजारों श्रद्धालु आते हैं लोगों की ऐसी मान्यता है कि गढ़ पहाड़ी पर स्थित तालाब मे स्नान करने से चर्म रोग जैसी समस्या से निदान मिलता है। इस तालाब मे समस्त तीर्थो का जल स्थापित किया गया। यहां पर शिवालय, मां वैष्णोदेवी मंदिर, श्री हनुमान मंदिर, श्री नहर्रादेव जी स्थापित है। सौरभ तिवारी नाहरमऊ एवं ग्राम के लोगो ने बताया नीलकंठेश्वर गणराज पहाड़ की चोटी पर 60 फीट लंबा, 40 फीट चौड़ा और 7 फीट गहरा तालाब है, जिसका पानी कभी नहीं सूखता। समुद्र तल से 683 मीटर ऊंचाई पर मौजूद यह तालाब ज्वालामुखी के शीर्ष पर बना है। गौंडवाना रियासत के राजा नाहर सिंह द्वारा बनवाया गया यह तालाब 1500 ईसवी की इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना भी है। सागर विवि के भूगर्भशात्री प्रो. एलपी चौरसिया के अनुसार नीलकंठेश्वर गणराज पहाड़ पर लाखों साल पहले ज्वालामुखी था। बार-बार लावा निकलने से यह पहाड़ आग्नेय चट्टान का बन गया। यह बहुत कठोर होती है, इनमें एक भी क्रेक नहीं होता। तलहटी में आग्नेय चट्टान होने की वजह से इससे पानी का जमीन में रिसाव नहीं हो रहा है।

### फोटो निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के मान से निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने जानकारी दी कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 के मध्य दावे आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जायेगा। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये गये हैं कि वे अपने अधिनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों का नाम अनिवार्य रूप से जिले की मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।



### एकता समिति ने वृद्धाश्रम में मकर संक्रांति मनाई

**सागर।** एकता समिति ने मकर संक्रांति वृद्ध आश्रम में खुशियाँ बांटकर मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनवाड़ी संघ की अध्यक्ष लीला शर्मा ने की। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कमलचंद जैन ने मंगल भावना के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया । लीला शर्मा ने कहा की वृद्ध हमारे पूजनीय है और उनकी सेवा करना ईश्वर की सेवा की समान है। इस अवसर पर एकता समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## रेत का ओवरलोड डंपर किया जब्त



**टीकमगढ़।** जिले की बम्हौरीकलां पुलिस ने रेत के ओवरलोड डंपर को जब्त कर लिया है। यह डंपर यूपी से रेत लेकर आ रहा था। बार्डर पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने यह कार्रवाई की है। बम्हौरीकलां थाना प्रभारी नीतेश जैन ने बताया कि मऊरानीपुर की ओर से रेत लेकर आ रहे एक डंपर को रोका गया, तो चालक तेज गतिसे वाहन को लेकर भागने का प्रयास करने लगा। इस पर पुलिस ने पीछा कर इस डंपर को पकड़ लिया। चालक से रेत के दस्तावेज मांगे गए जिस पर उसने यूपी के पिटपास तो दिया लेकिन वह वाहन ओवर लोड लेकर चल रहा था। इसकी धर्मकांटे पर तुलाई करने पर जब डंपर ओवर लोड निकला तो उसे जब्त कर लिया गया है।

# सुपर ओवर के साथ ललितपुर टीम रही विजेता, टीकमगढ़ की टीम को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर के डोंगा मैदान में डॉ भीमराव अंबेडकर क्रिकेट कमेटी द्वारा गत 7 जनवरी से संचालित किए जा रहे टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार के दिन फाइनल मैच खेला गया।

यह फाइनल मैच टीकमगढ़ एससी एवं ललितपुर के बीच खेला गया। जहां सुपर ओवर के साथ शानदार मुकाबला खेलते हुए ललितपुर की टीम विजेता रही। इसके अलावा पूर्व विधायक राकेश गिरी ने ढोंगा खेल मैदान पर चल रहे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर क्रिकेट कमेटी द्वारा संचालित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया साथ ही उनका उत्साह वर्धन किया। इसके बाद पूर्व विधायक राकेश गिरी ने दोनों विजेता विजेता टीमों को पुरस्कार एवं फाइनल ट्रॉफी वितरित की वही उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी अपनी खेल भावना की तरह खेले जिससे वह अपना एवं अपने परिवार का नाम रोशन करें और इससे भी बड़े स्तर पर टूर्नामेंट खेल सके।इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष ललित अहिरवार टूर्नामेंट कमेटी के मनीष अहिरवार आनंद खटीक सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी पदाधिकारी मौजूद रहे।

वहीं रविवार के दिन टीकमगढ़ विधानसभा के ग्राम बड़मड़ाई खास में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में पूर्व विधायक राकेश गिरी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए,लाभार्थियों को भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य को लेकर संवाद किया। ग्रामवासियों को केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।इस दौरान कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जिले के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।




## एक बार फिर स्वास्थ्य केंद्र के पीछे मिला नवजात का शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के ग्राम पंचायत दिगौड़ा में रविवार को एक नवजात का शव पड़ा मिला है। नवजात का शव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे एक सकरी सुनसान गली में पड़ा मिला। मोहल्ले वालों ने जैसे ही शव देखा तो थाना पुलिस को सूचना दी।

जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। दिगौड़ा थाने में पदस्थ अजय शुक्ला ने बताया कि गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे गली में एक नवजात बच्चे का शव पड़े होने की सूचना मिली। जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे। शव का परीक्षण करने के लिए अस्पताल के डॉक्टर को बुलाया गया। डॉक्टर का कहना है कि नवजात का भ्रूण करीब 5 से 6 महीने का है। पुलिस ने मोहल्ले वालों से पूछताछ के बाद पंचनामा बनाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र के रिकॉर्ड और आंगनबाड़ी केंद्र के रिकॉर्ड से गांव में गर्भवती महिलाओं की जानकारी हासिल की जाएगी। जांच के बाद ही यह पता लगाया जा सकेगा कि किसने नवजात के शव को सड़क में फेंका है।

## बैठक आयोजित योजनाओं पर हुई चर्चा




**टीकमगढ़।** जिला मुख्यालय पर जिला विकास समन्वयक एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन रविवार के रोज किया गया। जिसमें जनता के हित के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। रविवार के रोज जिले के नवनिर्वाचित विधायक एवं प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री यादवेन्द्र सिंह बुन्देला के सानिध्य में विधानसभा क्षेत्र टीकमगढ़ की जनता के हित के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान बैठक में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## चैकिंगः 18 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की

**विदिशा।** यातायात पुलिस ट्रैफिक इंचार्ज निरपत सिंह लोधी ने मगधम स्कूल में 10 स्कूल वाहनों को चेक किया। एक स्कूल वाहन का बीमा न होने पर 3 हजार का चालान काटा गया। वहीं नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाते पकड़ा गया, जिनके संरक्षक को बुलाकर 2 हजार का चालान बनाया। साथ ही नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने देने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही चेकिंग के दौरान 5 यात्री बसों, 10 डंफर, 17 स्कूली वाहन को चेक किया गया। जिनके कागजात पूर्ण पाए गए। शनिवार को गल्ला मंडी में जाकर व्यापारियों, किसानों और मजदूरों को यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाली जनहानि के बारे में अवगत कराया।

## बादल छटते ही मौसम हुआ साफ, निकली खिली धूप



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में आसमान से बादल छटते ही मौसम साफ हो गया है। बीते तीन दिनों से सुबह से खिलकर धूप निकल रही है। मौसम में आए बदलाव से रबी और सब्जी की फसलों को फायदा होने लगा है। मौसम साफ होने और धूप निकलने से दिन का तापमान बढ़कर 26.5 डिग्री पर पहुंच गया है।

कृषि महाविद्यालय के मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को दिन का तापमान 24.5 और रात का तापमान 12.5 डिग्री रिकार्ड किया गया था। शनिवार को तेज धूप निकलने से दिन का तापमान बढ़कर 26.5 डिग्री पर पहुंच गया। इसके अलावा रात के तापमान में भी 3.5 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शनिवार को रात का तापमान 16 डिग्री रिकार्ड किया गया। दिन के तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी से लोगों को ठंड से राहत मिली है। कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉक्टर एसपी सिंह ने बताया कि सुबह-शाम ठंड पड़ने और दिन में धूप निकलने से रबी फसलों को फायदा होगा।

सरसों में माहू का प्रकोप कम होने लगा है। सब्जी की फसलों को भी लाभ हो रहा है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों में पानी देने की सलाह दी है। मौसम विभाग का कहना है कि 18 जनवरी को एक बार फिर मौसम में बदलाव देखा जा सकता है।

## गश्तः देर रात 53 फरार वारंटी गिरफ्तार किए

**विदिशा।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धड़पकड़ की जा रही है। जिले में लगातार पुलिस रात को कॉम्बिंग गश्त कर रही है। इसी के तहत नगर पुलिस अधीक्षक राजेश तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक कांबिंग गश्त की। इस दौरान अनुभागों के सभी थानों के थाना प्रभारी और 56 पुलिस कर्मचारी की टीम बनाकर गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ की गई। जिसमें थाना सिविल लाइन द्वारा 3 स्थायी 15 गिरफ्तारी 3, निगरानी 5, गुण्डा 3 जिलाबदर, थाना कोतवाली में 2 स्थायी, 10 गिरफ्तारी, 12 गुण्डा, 5 जिला बदल और थाना करारिया में 3 स्थायी, 11 गिरफ्तारी, 7 निगरानी 12 गुण्डा, 7 जिलाबदर इसी तरह थाना गुलाबगंज 1 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस प्रशासन व मंदिर प्रबंधन समिति ने किए पुख्ता इंतजाम, नदी पर गोताखोर तैनात

# आज मकर संक्रांति पर्व पर हजारों श्रद्धालु लेंगे धर्मलाभ, श्रद्धा से लगाएंगे आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डेश्वरधाम

**गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज भगवान भोलेनाथ के पावन दिन सोमवार को मकर संक्रांति का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लाष के साथ मनाया जाएगा। आज सोमवार के त्योहार के दिन भगवान भोलेनाथ की नगरी कुण्डेश्वर में विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण तैयारियें को अंतिम रूप रविवार के रोज दिया जा चुका है। इस पावन मेले में शामिल होने वाले दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों पर आकर्षक साज सज्जा कर रखी है। मकर संक्रांति के त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी अपने माकूल इंतजाम कर लिए है। टीकमगढ़ नगर से लेकर कुण्डेश्वर तक भारी मात्रा में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में पुलिस बल को तैनात किया गया है। कुण्डेश्वर धाम में स्थित नदी पर गोताखोरों की व्यवस्था की जा चुकी है।**





### क्या है मकर संक्रांति त्योहार का महत्व

आज सोमवार को मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होता है। इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस बार मकर संक्रांति बेहद खास मानी जा रही है, क्योंकि 77 साल बाद बेहद शुभ संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य अंजनी माता मंदिर के पुजारी जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला ने बताया कि इस शुभ संयोग में सूर्य आराधना से विशेष पुण्य लाभ प्राप्त होगा। नगर में मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार मकर संक्रांति का पर्व ग्रहों का खास संयोग लेकर आया है। लगभग 77 साल बाद दुर्लभ वरीयान योग का संयोग बना है। इसके अलावा रवि योग भी इस दिन बन रहा है। ज्योतिषी इन योग और संयोग को काफी महत्वपूर्ण मान रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन सूर्य आराधना और दान पुण्य करने से किस्मत के बंद दरवाजे भी खुल जाएंगे। उनका कहना है कि मकर संक्रांति का पर्व सूर्य के राशि परिवर्तन के हिसाब से मनाया जाता है। इस बार यह पर्व सोमवार को मनेगा। हिंदू धर्म में सूर्य ग्रह को सभी ग्रहों का अधिपति माना जाता है। सूर्य ग्रह यश, बल, गौरव और मान सम्मान का प्रतीक है।

### विशेष नक्षत्र का योग लेकर आया है पर्व

मकर संक्रांति शतभिषा नक्षत्र में मनाई जाएगी। इस दिन वारीयान योग पूरे दिन रहेगा। मकर संक्रांति पर वरीयान योग 14 को रात 2:40 मिनट से लेकर 15 जनवरी की रात 11:10 मिनट तक है। यह योग 77 साल बाद बन रहा है। इसके साथ ही 15 जनवरी को सुबह 7 बजकर 15 मिनट से 8 बजकर 7 मिनट तक रवि योग रहेगा। मकर संक्रांति पर सुख और वैभव प्रदान करने वाले शुक्र ग्रह अपनी उच्च राशि में मौजूद होंगे। शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ और गुरु भी अपनी स्वराशि मेष में होंगे, जिससे पर्व का महत्व काफी बढ़ गया है। इस दिन दान का विशेष महत्व है। वैसे तो इस दिन गंगा स्नान करना चाहिए। यदि किसी कारण से गंगा स्नान को नहीं जा पा रहे हैं, तो घर पर पानी में गंगाजल डालकर स्नान करना चाहिए। इस दिन सूर्यदेव की विधिवत पूजा करनी चाहिए। तांबे के लोटे में तिल, अक्षत एवं लाल रंग का फूल डालकर सूर्य को अर्ध्य दें। वहीं अन्न, तिल, वस्त्र, गुड, चावल, उड़द का दान करना चाहिए। सूर्य की आराधना करने एवं दान पुण्य करने से भक्तों को विशेष फल मिलेगा।

### त्योहार पर होगा वृहद मेले का आयोजन

जिला मुख्यालय के अलावा समीपस्थ ग्रामीण अंचलों के धर्मप्रेमी लोग भगवान भोलेनाथ की नगरी में स्थित नदी पर स्नान कर जहां भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना में शामिल होंगे । वहीं मंदिर परिसर में लगने वाले वृहद मेले के आयोजन का भरपूर आनंद लेंगे। पिछले कई दशकों से निरंतर कुण्डेश्वरधाम में मकर संक्रांति के पावन दिन वृहद मेले का आयोजन यहां किया जाता है। जिले टीकमगढ़ सहित अन्य स्थानों के हजारों दुकानदार शामिल होकर अपनी रोजी-रोटी कमाने में सफल होते हैं। जहां मंदिर प्रबंधन द्वारा मेले को लेकर चाक चौबंद व्यवस्थाएं पूरी की जा चुकी है।

### यातायात मार्ग में किया बदलाव :

यातायात पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मकर संक्रांति के पर्व पर कुण्डेश्वर धाम में आयोजित होने वाले मेले के आयोजन को लेकर यातायात व्यवस्था को लेकर बदलाव किया गया है। जिसमें टीकमगढ़ से ललितपुर की ओर जाने वाले वाहन गऊघाट से बानपुर, ललितपुर से आने वाले वाहन खिरिया से टीकमगढ़ बावरी तिगैला से करमारई होते हुए अस्तौन खास, अस्तौन खास से पहाड़ी तिलवारन होते हुए माडूमर के पास सागर मार्ग से टीकमगढ़ जाएंगे। इस सारी व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस में पदस्थ पुलिस कर्मी जगह-जगह तैनात रहेंगे। जिनकी तैनाती हो चुकी है।

**पर्याप्त बल तैनात किए हैं...**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पर्याप्त बल तैनात किया गया है, जो यहां आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं में कोई गड़बड़ी न हो उन पर अपनी पैनी नजर रखेगा। इसके अलावा मेले के दौरान यातायात व्यवस्था में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए भी समुचित प्रबंध वाहन पार्किंग के किए गए है।

**- आनंद राज, नगर निरीक्षक, थाना कोतवाली, टीकमगढ़**

## गरीब रथ एक्सप्रेस का श्रीधाम स्टेशन, विंध्याचल एक्सप्रेस का हुआ बेलखेड़ा स्टेशन पर स्टॉपेज

**बीना।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-जबलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस का श्रीधाम स्टेशन एवं इटारसी-भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस का बेलखेड़ा स्टेशन पर आगामी छह माह के लिए प्रायोगिक ठहराव देने का निर्णय लिया है। पीआरओ अनुसार ट्रेन नंबर 12187 जबलपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस 13 जनवरी से श्रीधाम स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ किया गया है। जबलपुर से प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 12187 का श्रीधाम स्टेशन में आगमन रात्रि 8.33 बजे रहेगा। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 12188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-जबलपुर गरीब रथ 15 जनवरी से श्रीधाम स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ किया गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 12188 का श्रीधाम स्टेशन में आगमन सुबह 4.4 बजे रहेगा। ट्रेन नंबर 11271 इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस 13 जनवरी से बेलखेड़ा स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ किया गया है। इटारसी से प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 11271 का बेलखेड़ा स्टेशन में आगमन शाम 6.56 बजे रहेगा। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 11272 भोपाल-इटारसी विंध्याचल 14 जनवरी से बेलखेड़ा स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ किया गया है। भोपाल से प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 11272 का बेलखेड़ा स्टेशन में आगमन सुबह 8.16 बजे रहेगा।

## डॉ.अम्बेडकर नगर-प्रयागराज जंक्शन एक्स प्रेस रैक के अभाव में रहेगी निरस्त

**बीना।** उत्तर मध्य रेलवे द्वारा 14 जनवरी को प्रयागराज जंक्शन स्टेशन से प्रस्थान कर गन्तव्य को जाने वाली ट्रेन नंबर 14116 प्रयागराज जंक्शन-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस को निरस्त किए जाने के कारण 15 जनवरी को ट्रेन नंबर 14115 डॉ. अंबेडकर नगर-प्रयागराज जंक्शन एक्सप्रेस रैक के अभाव में प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

## गायों को खास खिलाया, भोजन के पैकेट भी बांटे

**विदिशा।** करणी सेना की जिला महिला इकाई द्वारा विट्ठल नगर गौशाला में गायों को घास खिलाया गया। जरूरतमंद गरीब बच्चों को भोजन के पैकिंट बांटे। साथ में लड्डू और फल वितरित किए गए। करणी सेना जिला अध्यक्ष सरिता नरेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में मकर संक्रांति व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह दादा हुक्म को याद करते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं विवेकानंदः शर्मा

### स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में हुए कई कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

शासकीय हाई स्कूल ग्राम बारधा में नेहरू युवा केंद्र सागर एवं सामाजिक संस्था शहीद -ए-आजम सरदार भगत सिंह एवं आजाद क्रांति युवा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत सांस्कृतिक दिवस पर, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुहानी लक्ष्मी अहिरवार ने दया कर दान विद्या का हमें परमात्मा देना। धुव्र पाल ने ऐ वतन वतन मेरे आजाद रहे तू गीत गाया, दीपेश पाल ने खेल रचाया लकड़ी का भजन गाया, करुणा कुशवाहा ने अब सौंप दिया सब भार तुम्हारे हाथों में, भजन गाया, भावना अहिरवार ने सलाम उन शहीदों को गीत गाया, निकिता माली ने आन-बान और शान हमारा देश गीत गाया, वैजयंती माली ने हमारा मध्य प्रदेश महान गाना गाया, संजना यादव ने भजन, कौन कहता है कि भगवान आते नहीं की प्रस्तुति दी। प्रशांत अहिरवार, जानिस अली, मुस्कान रजक, संजना यादव आदि ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संयोजक उमेश शर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चित्रण पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत है। स्वामी विवेकानंद ने वसुदेव कुटुंबकम का विचार पूरे विश्व में दिया था। चयनित सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम आयोजक संस्था द्वारा प्रमाण पत्र एवं शील्ड पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर संविधान गाथा अभियान के अंतर्गत, संविधान की पाठशाला कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्य न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संतोष पटेल ने बताया कि स्वामी जी ने कहा था कि देश में सिर्फ एक ही धर्म हो भारतीय धर्म, न कोई जात पात हो, सिर्फ एक ही धर्म हो भारतीय, हम सब भारतीय हैं इस भावना से जीवन जिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आरपी चौबे ने बताया कि शिकागो सम्मेलन में विवेकानंद जी ने भारत का मान विश्व में बढ़ाया था। प्रमोद पवार ने बताया कि स्वामी जी की जयंती पूरे भारत देश में राष्ट्रीय सप्ताह के रूप में मनाई जाती है। दीपमाला चौधरी ने कहा कि मानवता इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है हमें स्वामी जी के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षिका पूनम पटेरिया, शिक्षक राजेन्द्र जाटव, कल्याण सिंह, कुलदीप ठाकुर एवं भृत्य संतोष सेन, कुंदन रैकवार के साथ-साथ सभा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरे राम मंदिर पर चलाया स्वच्छता अभियान



**बीना।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर श्री राम मंदिर निर्माण के पूर्व देश के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने के आव्हान पर रविवार को शहर के हरे राम मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया के नेतृत्व में हरे राम मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से मंदिरों पर स्वच्छता अभियान चलाए जाने का आव्हान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद पंथी, शशि कैथोरिया, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, विजय हुरकट, करोड़ी लाल यादव, मनोज शर्मा, लोकेंद्र सिंह, नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, पार्षद भारती राय, विमल अहिरवार, अभिषेक लिटौरिया, संतोष राय, कृष्णा कुशवाहा, जितेंद्र बोहरे, नवीन सिंह, वीरेंद्र जैन, हरिओम चौबे, जितेंद्र राय, योगेश दीक्षित, योगेश चतुर्वेदी, आलेख राय, कृष्णा कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## एक लाख गौपालक गायों को सड़कों पर छोड़कर छुपे बैठे हैं घरों में

# करीब ढाई लाख गौवंश का मालिकों के नाम पर पंजीयन फिर भी सड़क पर बेसहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शनिवार को कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल कई किसानों के साथ मिलकर तीन सैकड़ा के करीब गौवंश को जंगल की और हांकते दिखे, हालांकि विधायक समर्थक गौवंश को किसानों के लिए समस्या बताते हुए सरकार के द्वारा गौवंश के नाम पर लापरवाही होना निरूपित कर रहे हैं। पर हमे जो जानकारी निकाली है उस जानकारी के अनुसार जिले में 2 लाख 33 हजार 955 गौवंश ऐसे हैं जिनके आधार कार्ड पशु पालन विभाग ने उनके मालिकों के साथ बनाए हुए हैं। एक लाख के करीब इन गौवंश पालकों के पास 90 फीसद गाय पंजीकृत हैं लेकिन घरों में गौमाता को रखने के बजाय इन लोगों ने उसे बेसहारा भटकने के लिए सड़कों पर छोड़ा हुआ है। किसानों सहित आमजन की परेशानी का सबब बनने वाली इन निराश्रित मवेशियों के मालिक की जानकारी जब शासन प्रशासन के पास उपलब्ध है तो फिर वह इन लापरवाह मालिकों पर दंडात्मक कार्रवाई करने से क्यों हिचकिचा रहा है।

मेन बाजार, बंजारा डैम, पाली रोड, शिवपुरी रोड और सब्जी मंडी सहित शहर में ऐसा कोई भी सार्वजनिक स्थल नहीं है जहां पर इन दिनों निराश्रित गौवंश के झुंड बैठे और विचरण करते ना दिख जाए। सब्जी मंडी में तो कई बार इन निराश्रित सांडो के उछाले जाने से लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं, दो लोगों की मौत सांडो के सिंह मारने से हो भी चुकी है। बाजार में लड़ने वाले सांडों के कारण लोगों को आर्थिक रूप से नुकसान आए दिन उठना पड़ता है। गांव में खेती बाड़ी करने वाले किसानों को इस निराश्रित गौवंश के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है, जिसकी वजह से वह गौवंश को जंगलों में ले जाकर छोड़ रहे हैं। पर प्रश्न यही उठ रहा है कि इतनी संख्या में गौवंशों को जंगल में छोड़ा जा रहा है बाजार में भूखे मरने के लिए छोड़ दिया गया है आखिर उनके मालिक कौन है? जिन एक लाख लोगों ने ढाई लाख के करीब को वंश का पंजीयन यूआईडी कार्ड बनवाकर किया है वह लोग कहां हैं?



### मरने का इंतजार कर रहे मालिक

जिन गौ वंश के यूआईडी कार्ड बनाए गए हैं और इसके बावजूद वह निराश्रित होकर इधर-उधर कचरा खाकर पेट भर रही है उनमें से कईयों के मालिक तो ऐसे हैं जो इन गौवंश को एक रोटी तक देने के बजाय उनके मरने का इंतजार इसलिए कर रहे हैं कि वह उनके मरने के बाद उन पर अपना मलिकाना हक जताकर शासन द्वारा दी दिया जाने वाला मुआवजा हासिल कर सकें।

### एक क्लिक से मिल सकती है मालिक की जानकारी

जो गौवंश निराश्रित हैं और उनके कानों में यूआईडी कार्ड डले हुए हैं उनके मालिकों की पहचान एक क्लिक से ही हो सकती है। दरअसल कानों में लटके यूआईडी कार्ड को मोबाइल से स्कैन करने पर उसके मालिक का नाम और गांव का पता सहित सभी डिटेल निकल आती है अगर प्रशासन इस और ध्यान दे तो ऐसे फर्जी गोपालकों पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए बहुत हद तक गौवंश को निराश्रित होने से बचाया जा सकता है।

### इनका कहना

हमने जिले में 233955 गौवंश के यूआईडी कार्ड बनाए गए हैं, इन कार्ड को गौवंश के कान में टैग किया गया है। कार्ड को मोबाईल से स्कैन करने पर संबंधित गौवंश के मालिक की पहचान एक मिनट में की जा सकती है।

डॉ एसबी दोहरे
उप संचालक पशु पालन विभाग, श्योपुर

---

हर्षोल्लास से मनाया मकर संक्रांति पर्व, जगह-जगह हुए भंडारे

# संक्रांति पर्व: बड़ों ने उड़ाई पतंग कटी तो दौड़ दौड़ कर लूटने पहुंचे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिलेभर में मकर संक्रांति का पर्व रविवार को दानपुण्य कर मनाया गया। इस दौरान लोगों ने गरीबों को अपने घरों पर दान देने के साथ साथ दूरदराज गांवों की आदिवासी बस्तियों में पहुंचकर बच्चों और बड़ों को गर्म कपड़े वितरित किए। उधर बच्चों में इस त्योहार का उल्लास देखते ही बन रहा था। कड़ाके की सर्दी की परवाह किए बगैर बच्चे छतों पर और खुले मैदान में खूब पतंग उड़ाते दिखे। रविवार को मकर संक्रांति के चलते आसमान पर दिनभर पतंगें छाई रही। उधर कई जगह जलाशयों पर पहुंचे लोगों ने स्नान कर सूर्य का अर्घ्य दिया।

मकर संक्रांति पर्व को ऋतु परिवर्तन के रूप में मनाया जाता हैं। इस दिन घरों में तिल का भोजन बनाया जाता हैं। इस परंपरा के पीछे ऋतु परिवर्तन होने का भी महत्व हैं। तिल गुड़ से बना एवं तला हुआ भोजन गर्मी और बारिश में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता हैं, लेकिन सर्दियों में यह भोजन शरीर का तापमान बनाए रखने में समर्थ होता है। इसलिए भी लोग घरों में इस दिन तिल का भोजन बनाना जरूरी समझते हैं। गृहणियों ने घरों में पुड़ी, मंगोड़े तलकर परंपरा निभाई। कई घरों में यह आयोजन समारोह पूर्वक कर अपने रिश्तेदारों को बुलाकर भोजन कराया।

उधर अल सुबह ही जलाशयों पर पहुंचे लोगों ने स्नान कर सूर्य का अर्घ्य दिया। इस क्रम में त्रिवेणी संगम रामेश्वर पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की खूब भीड़ देखी गई और कई मंदिरों पर भंडारे भी आयोजित हुए।



### आदिवासियों के संग बिताई कलेक्टर ने रात, बांटे संक्रांति के उपहार

संक्रांति की पूर्व संध्या पर कलेक्टर संजय कुमार आदिवासी विकासखंड कराहल के भेला गांव में पहुंचे जहां उन्होंने न सिर्फ चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी बल्कि उन्हें मकर संकांति पर्व के उपहार भी बांटे। आधी रात तक चले इस कार्यक्रम के तहत कलेक्टर ने सभी ग्रामीणों को गर्म कपडे और बांटे इस दौरान एक घर में पहुंचे कलेक्टर ने आदिवासियों के साथ भोजन भी किया और परिवार से चर्चा की इस दौरान कक्षा 03 में पढने वाली एक बेटी से पढाई के संबंध में पहले वह झेंपी और 03 का पहाडा याद होने से इनकार कर दिया लेकिन जब कलेक्टर ने उसे प्रोत्साहित किया तो उसने तीन का पहाडा सही से सुना दिया इस पर कलेक्टर ने बालिका को 500 रुपए प्रोत्साहन के रूप में दिए और अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को समझाइश दी की यह बच्चे प्रश्न करने पर झेंपते है इसलिए इनके साथ संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें।

### आज भी मनेगी मकर संक्रांति

हिंदु पंचाग के अनुसार कुछ लोग मकर संक्रांति पर्व सोमवार को भी मनाएंगे हालांकि रविवार को अधिकतर लोगों ने मकर संक्रांति पर्व मनाते हुए खूब दान पुण्य किया लेकिन कुछ लोग तिथि को लेकर रविवार को मकर संक्रांति पर्व मनाने से सहमत नही थे वे आज सोमवार को मकर संक्रांति पर्व पूजा पाठ कर मनाएंगे। इस दौरान कुछ सामाजिक संस्थाओं ने भी रविवार को आसपास के गांवों में पहुंचकर आदिवासियों को वस्त्र वितरण करने और उपहार देने का काम किया।

---

शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

# धूमधाम से मनाई जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य की जयंती, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य की 724 वीं जयंती महोत्सव रविवार को श्री संत समाज विरक्त षडदर्शन मंडल श्योपुर द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर गाजेबाजे के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकालकर स्वामी रामानंदाचार्य को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

रविवार को यह शोभायात्रा शहर के पाली रोड स्थित श्री जाटखेडा हनुमान मंदिर से शुरू की गई। इस शोभायात्रा में देवरी धाम के श्री महंत रामदास महाराज,दीनबंधु दास महाराज विजयपुर, महंत बालकदास महाराज राजगुरू बडौदा,लखनदास त्यागी महाराज जाटखेडा, सन्मुखदास महाराज राडी, मोहनदास महाराज उंडाखाड, बालक दास महाराज पटार सहित जिलेभर के साधुसंत शामिल हुए। जो अलग-अलग रथनुमा वाहनो में सवार होकर चल रहे थे। शोभायात्रा में राम दरबार सहित भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां अलग-अलग रथनुमा वाहनों में सजी हुई चल रही थी, जो खासी आकर्षण का केन्द्र रही। जाटखेडा हनुमान मंदिर से शुरू हुई यह भव्य शोभायात्रा सलापुरा, पाली रोड, बाइपास रोड, शिवपुरी रोड, गिरवरधारी हनुमान मंदिर, रामतलाई हनुमान मंदिर, मुख्य बाजार, पुल दरवाजा, बडौदा रोड होते हुए वापस जाटखेडा हनुमान मंदिर पर संतों की सभा में परिवर्तित हो गई। इस बीच शोभा यात्रा का नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। सभा में संतों ने जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी रामानंदाचार्य ने सनातन धर्म को बचाए जाने के लिए मुगल आक्रांताओं द्वारा किए जा रहे, जुल्मों के विरुद्ध लोगों को जागरूक किए जाने का कार्य किया है। स्वामी रामानंदाचार्य ने समाज में जात-पात के भेद से ऊपर उठकर लोगों को जागरूक किए जाने का जो कार्य किया है, वह आज भी समाज के लिए एक मिसाल बना हुआ है। शोभायात्रा के दौरान बडी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक और समाजसेवी व धर्मप्रेमी लोग भी शामिल थे।





# आफताबे रिसालत मदीने में और किरण जगमगाती है अजमेर में



### कव्वाली में शामिल हुए श्योपुर, पीपल्दा विधायक बोले सद्भावना हमारी पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आफताबे रिसालत मदीने में है और किरन जगमगाती है अजमेर में... आदि कव्वालियों पर श्रोताओं ने रातभर जागकर खूब जश्न मनाया। शनिवार को कुल की रस्म के साथ दो दिवसीय निमोदा पीर का उर्स संपन्न। मुख्य अतिथि की हैसियत से पहुंचे श्योपुर विधायक बाबू जंडेल एवं पीपलदा (राजस्थान) विधायक चेतन पटेल कोलोना ने सद्भावना को देश की पहचान और गौरव बताया।

शनिवार को कुल की रस्म के साथ दो दिवसीय निमोदा पीर का उर्स के समापन की औपचारिक घोषणा कर दी गई लेकिन कव्वाली का मुख्य आयोजन इससे रात को हुआ। रातभर चले सूफियाना संगीत में दिल्ली से आए कव्वाल गुलाम वारिस एंड पार्टी ने सूफियाना संगीत की ऐसी छटां बिखेरी की जायरीन रातभर पंडाल में ही डटे रहे। तीन दिवसीय पीर बाबा का उर्स शुक्रवार को ग्रामीणों द्वारा दरगाह पर झंडा चढ़ाने के साथ हुआ। दूसरे दिन दरगाह पर लंगर-तक्सीम की मुख्य रस्म अदा की गई। इस रात दरगाह परिसर में कव्वाली का शानदार आयोजन किया गया। रातभर चली कव्वाली में श्योपुर सहित बड़ौदा, पांडोला, कुहांजापुर, मांगरोल, बारां, खातौली, इटावा, सुल्तानपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, छाण आदि शहरों के जायरीनों ने पहुंचकर चादरपोशी की और कव्वाली की आनंद लिया।

---

# गिर्राज घाट पहुंचे भाजपाईयों ने श्रमदान कर दिया अयोध्या पहुंचने का न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



इन दिनों अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर के भव्य निर्माण कार्यक्रम में शामिल होने का न्यौता दे रहे भाजपा नेताओं ने रविवार को गिर्राज घाट पहुंचकर श्रमदान किया और लोगों से अयोध्या पहुंचने का आव्हान भी किया। भाजपा जिला महामंत्री शशांक भूषण ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भगवान श्रीराम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त दिनांक 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलने वाले स्वच्छता अभियान के तहत नगर के वार्ड क्रमांक 20 में स्थित गिर्राज घाट मंदिर परिसर की साफ सफाई स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया भारतीय जनता पार्टी ने आज जिले के सभी 9 मंडलों में स्वच्छता अभियान के तहत सभी मंदिरों की साफ सफाई कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं और वार्डवासियों को भगवान श्रीराम के अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर पर दर्शन करने का न्यौता भी दिया।

कार्यक्रम में श्योपुर नगर में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट, कैलाश नारायण गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री शशांक भूषण, दिनेश दुबौलिया ओमप्रकाश राठौर, मनीष नागोरी संजय महान। ,दीपचंद रेगर ,सत्यनारायण यादव, बंटी आर्य दीपचंद बाथम, सुनील राठौर, रोहित शर्मा तथा बड़ौदा मंडल में अध्यक्ष मनोज डोम, अशोक आचार्य, बद्री प्रसाद सोनी, सत्यनारायण सुमन, आदि उपस्थित रहे। प्रेमसर मंडल में मिथिलेश मीणा, मनोज सुमन, एवं वीरपुर मंडल में सीताराम राठौर एवं मानपुर मंडल में सुमेर सिंह जादौन, गोविंद सेन, रवि गोयल आदि सभी 9 मंडलों में सभी कार्यकर्त्ताओ ने उपस्थित होकर स्वच्छता अभियान चलाया।

---

तीन शिक्षकों पर कोई कार्रवाई न होने से उठे कई सवाल

# डीपीसी ने चार शिक्षकों को दिए नोटिस, कार्रवाई हुई सिर्फ एक पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जन शिक्षकों की निरीक्षण रिपोर्ट पर डीपीसी डॉ पीएस गोयल ने दो स्कूलों के चार शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर नोटिस जारी कर किया। लेकिन वेतनवृद्धि रोकने की कार्रवाई सिर्फ एक शिक्षिका पर की गई। चार शिक्षकों में से तीन शिक्षकों पर कार्रवाई न होने तथा एक शिक्षिका पर ही कार्रवाई गाज गिरने से शिक्षा विभाग के गलियारों में कई तरह के सवाल उठ रहे है। जिले के जिम्मेदार अफसरों को इन सवालों की जांच करनी चाहिए।

बताया गया है कि बीते अक्टूबर माह में पांडोला संकुल केन्द्र के शाप्रावि आदिवासी बस्ती पांडोला और शाप्रावि श्रीजीकी गांवडी का जन शिक्षकों के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इन दोनों स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई। जन शिक्षकों की निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर डीपीसी डॉ पीएस गोयल ने दोनो स्कूलों के चार शिक्षकों को नोटिस जारी कर दिए। इनमें शाप्रावि आदिवासी बस्ती पांडोला में पदस्थ सुषमा फोजदार, सुनीता गुर्जवार, शाप्रावि श्रीजी की गांवडी में पदस्थ बाबूलाल विसारिया, राजेश श्रीवास्तव शामिल है। बताया जा रहा है कि इन चारों शिक्षकों से एक शिक्षिका सुनीता गुर्जवार की फाइल डीपीसी के द्वारा कलेक्टर की ओर बढा दी गई। जिसके बाद कलेक्टर द्वारा शिक्षिका सुनीजा गुर्जवार के खिलाफ एक वेतनवृद्धि रोकने की कार्रवाई कर दी गई। सूत्र बता रहे है कि डीपीसी के द्वारा तीन शिक्षकों को बचाते हुए उनकी फाइल कलेक्टर की ओर बढाई नहीं गई। जिसके चलते उन पर कार्रवाई की गाज गिरने से बच गई। इस मामले में तीन शिक्षकों से डीपीसी के द्वारा मामला सेट कर लिए जाने की चर्चा पूरे शिक्षा विभाग के गलियारो में गूंज रही है। यदि यह चर्चा सही है कि तो जिम्मेदार अफसरों को इस मामले की जांच करानी जानी चाहिए।

### इनका कहना है

चर्चाओं का क्या, चर्चा तो कुछ भी हो सकती है। हमने तो फाइल चारों शिक्षकों की कलेक्टर साहब की ओर भेजी गई थी।

डॉ पीएस गोयल
डीपीसी, श्योपुर

---

जिले के एक लाख परिवारों में पहुंचा श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का 'अक्षत निमंत्रण'

# कहीं श्रीराम के जयकारे तो कहीं राम आए हैं... की धुन के बीच बांटे जा रहे पूजित अक्षत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में घर-घर पूजित अक्षत व पत्रक साथ बांटे जा रहे है। कहीं श्रीराम के जयकारों तो कहीं राम आए हैं... की धुन के बीच पूजित अक्षत का वितरण किया जा रहा है और लोगों से 22 जनवरी को दीपावली मनाने का आग्रह कर रहे है। रविवार तक श्योपुर जिले के एक लाख परिवारों तक भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत निमंत्रण पहुंच गया है।

बताया गया है कि श्योपुर जिले के एक लाख 25 हजार परिवारों में अयोध्या से आए पूजित अक्षतों को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलशों की शहर सहित जिले के खंड केन्द्रों पर गाजेबाजे के साथ शोभायात्राएं निकाली गई। इसके बाद नए साल एक जनवरी से पूजित अक्षत को पत्रक के साथ घर-घर जाकर दिए जाने का सिलसिला शुरू हो गया। इस कार्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल, भारतीय जनता पार्टी, अभाविप, विद्या भारती, ग्राम भारती सहित अन्य कई संगठनों के कार्यकर्ता उत्साह के साथ भागीदारी कर रहे है। किस कार्यकर्ता को किस क्षेत्र और गांव में अक्षत वितरण करना है,इसका निर्धारण पहले ही हो चुका है। इसलिए सभी कार्यकर्ता टोलियां बनाकर निर्धारित गांव और बस्ती व मोहल्ले में पहुंचकर घर घर जाकर पूजित अक्षत ग्रामीणों को देकर उन्हें भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे रहे है और ग्रामीणों से आग्रह कर रहे है कि प्राण प्रतिष्ठा के समय ईष्ट देव की पूजा-अर्चना, आरती कर प्रसाद का वितरण करें एवं शाम को भव्य दीपोत्सव कर अयोध्या जैसे आनंद का माहौल अपने आसपास बनाएं।





### श्योपुर नगर में बनाई 27 टोलियां

पूरे जिले में 1 लाख 25 हजार हिंदू परिवारों तक भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत निमंत्रण पहुंचाने का लक्ष्य लिया गया है। इसके तहत श्योपुर शहर में 21 हजार परिवार तथा ग्रामीण क्षेत्र में 1 लाख 5 हजार परिवारों तक पूजित अक्षत पहुंचाए जाएंगे। इसके लिए मंडल,गांव और बस्ती बार टोली बना दी गई है। श्योपुर शहर में भी 27 टोलियां बनाई गई है। वहीं बडौदा, प्रेमसर, सोंईकलां, कराहल, वीरपुर, विजयपुर खंडो के लिए भी अलग-अलग टोली बना दी है। टोलियों में शामिल कार्यकर्ता घर-घर जाकर पूजित अक्षत बांट रहे है। 'अक्षत के साथ मे भगवान राम के मन्दिर का चित्र ,स्टिकर, पत्रक भी दिए जा रहे है।इस दौरान टोली में शामिल कार्यकर्ता कहीं जय श्री राम के जयकारे तो कहीं राम आएंगे की धुन के साथ घरों में अक्षत देने के लिए पहुंच रहे है। बताया गया है कि प्रत्येक टोली प्रतिदिन कितने परिवारों में संपर्क कर रही है इसका लेखा जोखा भी रखा जा रहा है। बताया गया है कि रविवार तक जिले के एक लाख परिवारों तक अक्षत निमंत्रण पहुंच गया है।

---

# तेंदुआ ने गांव में घुसकर किया गाय का शिकार, ग्रामीणों में बनी दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क से सटे ग्राम का कदवई में बीती रात तेंदुआ ने घुसकर एक गाय का शिकार कर लिया। तेंदुआ द्वारा गांव के भीतर इस तरह गाय का शिकार करने से ग्रामीणों में भी दहशत व्याप्त हो गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा मुहैया कराने के साथ मवेशी पालक को वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम के तहत मुआवजा दिलाने की मांग की है।कूनो नेशनल पार्क के ग्राम कदवई में रविवार की अल सुबह एक तेंदुआ ने घुसकर एक गाय को अपना शिकार बना लिया। इस घटना से गांव में दहशत व्याप्त हो गई । बता दें कि यह गांव कूनो नेशनल पार्क की पहाड़ियों से घिरा होने की वजह से पहले भी इस गांव और पास के दूसरे गांव में अनेक बार तेंदुए विचरण करते देखे जा चुके हैं। रविवार की सुबह गाय पर तेंदुआ ने उस समय हमला बोला जब गाय गांव में घूम रहा थी। ग्रामीण रामदीन धाकड़ ने बताया कि यह तेंदुआ लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में आतंक मचा रहा है। संरक्षित वन्यजीव को गांव के भीतर बार बार आने से इंसान और वन्यजीव के बीच संघर्ष की स्थिति भी निर्मित हो सकती है जो दोनों ही नजरिए से खतरनाक है।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम को आवेदन

**चंदेरी।** भारत सरकार द्वारा बनवाए जा रहे आयुष्मान कार्ड वितरण एवं कार्ड बनाने वाली टीम शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम में आदिवासियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने एवं वितरण करने का काम किया जा रहा है। इसी के चलते जब टीम ग्राम कडराना पहुंची तो टीले डोंगा में विजय सिंह पुत्र फेरन आदिवासी निवासी डोंगा कडराना पर आरोप लगाया गया है की आयुष्मान कार्ड का कार्य करने वाली टीम को कार्य करने से रोका एवं 1 घंटे तक गाली-गलौज की एवं लाठी से मारने की भी कोशिश की गई तब वहा से भाग कर अपनी जान बचाना पड़ी। आशा कार्यकर्ता पूजा पटेल ने बताया कि इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंदेरी को ज्ञापन देकर उक्त व्यक्ति द्वारा अभद्र व्यवहार के लिए दंडात्मक कार्रवाई करने का निवेदन किया है जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करें जिससे शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं कार्य में बाधा ना हो जिससे हम सभी कर्मचारी सुरक्षित रह सके।

### विद्यार्थी परिषद का ज्ञापन

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की महाविद्यालय इकाई आपको महाविद्यालय में हुई आर्थिक अनियमितता को लेकर ज्ञापन सोपा है। जिसमे एक जनभागीदारी षिक्षक को अधिक रूपए दिए जाने की बात कही गई है। महाविद्यालय में कार्यरत जनभागीदारी शिक्षक राजकुमार जाट को नवंबर 2022 से दिसंबर 2023 तक उनकी सैलरी में 2000(दो हजार) रुपए अधिक दिए जा रहे थे। यह राषि कैसे जारी की गई और किसकी जबाबदरी है। विघार्थी परिषद ने जिम्मेदार लोगो पर कार्यवाही करने की मांग की है। विघार्थी परिषद ने तीन दिवस मे कार्यवाही करने की मांग की है।

### अरबाज खान सम्मानित

**अशोकनगर।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के भोजपुरी अध्ययन केंद्र में आयोजित 10 वें रविशंकर उपाध्याय स्मृति युवा कविता सम्मान समारोह में युवा कवि अरबाज खान को वर्ष 2023 के सम्मान से सम्मानित किया गया। 2024 का सम्मान कवि तापस शुक्ला को प्रदान किया गया। अरबाज अशोकनगर इप्टा और प्रगतिशील लेखक संघ से जुड़े सक्रिय युवा संस्कृतिकर्मी हैं। उनका कोई कविता संग्रह प्रकाशित नहीं हुआ है पर पिछले चार-पांच सालों में प्रकाशित हुई उनकी कविताओं की तरफ लोगों का ध्यान गया है।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत एक 22 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सौरभ पुत्र कृष्णगोपाल ने शादी का झासा देकर उसे भगा ले गया और दुराचार किया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है।

### गार्ड की दरियादिली

**अशोकनगर।** सरकारी अस्पतालों का स्टाफ मरीजों की मदद नहीं करता वहीं दूसरी तरफ जिला चिकित्सालय में पदस्थ सुरक्षा गार्ड मनोज ओझा ने इंसानियत का परिचय देते हुए राजस्थान के बारां जिले के अन्ता की रहने वाली प्रसूता माया भांड के लिए बी पॉजिटिव रक्तदान किया। यह परिवार शाढ़ौरा क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं प्रसूता के साथ केवल बुजुर्ग सास ससुर थे जो रक्तदान करने में असमर्थ थे। साथ ही ब्लड हेल्प ग्रुप के सदस्यों ने भी जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किए जिनमें निर्मल रघुवंशी, सोनू रघुवंशी, दिलीप रघुवंशी, रवि मलिक, आशीष जैन, निखिल शर्मा, विमल प्रजापति आदि शामिल हैं।

नरवर कस्बे के दो मंदिरों से की थी चोरी, मुखबीर से मिली पुलिस को जानकारी, पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कुबूला

# मंदिरों से चोरी करने वाला गिरफ्तार, अष्टधातु की मूर्तियां बरामद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

नरवर कस्बे के दो मंदिरों से हुई चोरी का खुलासा नरवर थाना पुलिस ने किया है। इस मामले में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है और मंदिर से चोरी हुईं अष्टधातु की मूर्तियां सहित अन्य सामान भी बरामद कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक 12 जनवरी की रात अज्ञात चोर ने नरवर कस्बे के बंजारी माता मंदिर और राम जानकी मंदिर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसकी शिकायत 13 जनवरी को बंजारी माता मंदिर के पुजारी लक्ष्मण सिहं निवासी वार्ड क्र. 2 एवं रामजानकी मंदिर के पुजारी राज वैरागी निवासी वार्ड क्रमांक 14 के द्वारा नरवर थाने में दर्ज कराई गई थी। पुजारियों के मुताबिक अज्ञात चोर दोनो मंदिरो के ताले को तोड़ कर मंदिरों से पीतल एवं अष्ट धातु की मूर्तिया, पीतल के घंटे, पीतल का सिहासन, चांदी की बांसुरी, चांदी के बिछिया, मंदिर चढोतरी के रूपये चुरा कर ले गए थे। नरवर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी थी। नरवर थाना प्रभारी केदार सिंह यादव के बताया कि चोर की जानकारी मुखबिरी के जरिए मिली थी। बताया गया था कि चोरी की रात भितरवार थाना क्षेत्र के जौरा गांव के रहने वाले मोनू उर्फ गुलाब सिहं कुशवाह अनाज मंडी के पास देखा गया था। मामले की पड़ताल करने पुलिस टीम को जौरा गांव भेजा गया था। जहां मोनू उर्फ गुलाब सिहं कुशवाह पुत्र बालगोविन्द कुशवाह उम्र 28 वर्ष को पकड़कर पूछताछ की गई थी। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना जुर्म स्वीकार कर लिया था। पुलिस ने मोनू उर्फ गुलाब सिंह की निशानदेही पर मंदिर से चोरी हुआ सामान भी बरामद कर लिया है।

## मंदिर के कुंड में मिली महिला की लाश, पुलिस जांच में जुटी




**शिवपुरी।** फिजिकल थाना क्षेत्र के प्राचीन धार्मिक स्थल बाणगंगा के कुंड में आज सुबह एक बुजुर्ग महिला की लाश मंदिर के दर्शन करने गए लोगों द्वारा दी गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची फिजिकल थाना पुलिस ने महिला के शव कब्जे में लेकर महिला की शिनाख्त कर शव पोस्टमॉर्टम हाउस भेज मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने महिला की शिनाख्त छत्री क्षेत्र की रहने वाली 60 साल की शोभा शर्मा के रूप में की है। बताया गया है कि महिला आज सुबह घर से निकल गई थी। इसके बाद शोभा का शव बाण गंगा मंदिर के छज्जे वाले कुंड में मिला, शव को मंदिर में दर्शन करने गए लोगों द्वारा देखा गया था। इसकी सूचना फिजिकल थाना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज सुसाइड या एक्सीडेंट दोनों ही एंगल से जांच शुरू कर दी है। महिला की दो बेटियां और एक बेटा है। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी हैं। महिला के पति जगदीश शर्मा की मौत पिछली जनवरी में बीमारी के चलते हो गई थी। बताया गया है कि महिला गृहक्लेश के चलते परेशान भी थी।

खोड़, बरेला, गणेश खेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

# हर एक व्यक्ति को सक्षम बनाना यही भाजपा सरकार का उद्देश्यः सक्षम जैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

हर एक व्यक्ति को सक्षम बनाना यही भाजपा सरकार का उद्देश्य है और 2047 तक भारत का हर एक व्यक्ति सक्षम होगा लेकिन इसके लिए सरकार द्वारा चलाए जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेना होगा जब आप लोग विकसित होंगे तब भारत अपने आप ही विकसित हो जाएगा। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी सपना है कि भारत एक विकसित राष्ट्र बने। यह बात विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान खोड़, बरेला, गणेश खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेंद्र जैन के पुत्र व जिला कोषाध्यक्ष सक्षम जैन मुख्य अतिथि के रूप में कही।

सक्षम जैन ने कहा कि यह अभियान भारत सरकार, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण अपनाकर चलाया जा रहा है। देश के नागरिकों के लाभ के लिए और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित पक्षों की यथासंभव व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा की यात्रा का उद्देश्य योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करना है। साथ ही उन कमजोर लोगों तक पहुंचना है जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं, लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठाया है। सक्षम जैन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है। सक्षम जैन ने कहा, समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए मोदी की गारंटी की ये गाड़ी गांव-गांव जा रही है।

# ट्रक ने मारी कार में टक्कर चार कार सवार घायल



**सतनवाड़ा थाना क्षेत्र में 18 वीं बटालियन के पास हुआ हादसा, घायलों को उपचार के लिए मेडीकल कालेज में किया भर्ती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

सतनवाड़ा थाना क्षेत्र 18वीं बटालियन के पास कार और ट्रक की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। इस घटना में कार सवार समेत चार लोग घायल हुए है। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं सतनवाड़ा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शहर के विवेकानंद कालोनी के रहने वाले दुष्यंत शर्मा ने बताया कि वह अपनी पत्नी,माता-पिता और बच्चों के साथ अपनी सियाज कार में सवार होकर ग्वालियर की ओर जा रहे थे। उनकी कार 18वीं बटालियन के पास क्रॉसिंग पर गलत लाइन में चली गई थी। इसी के चलते वह अपनी कार को किनारे पर लेकर पीछे की और कर रहे थे। इसी दौरान ट्रक ड्राइवर ने लापरवाही से चलाते हुए कार में टक्कर मार दी। जबकि करीब 150 मीटर पहले से ही उनके द्वारा कार का हॉर्न बजाया गया था लेकिन ट्रक का ड्राइवर सड़क पर न देखते हुए जंगल की ओर देख रहा था। इसी चलते ट्रक कार से टकरा गया। इस घटना में कार में सवार दो लोगों को चोटें आईं है। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज मिला

## बाइक और स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

कोलारस कस्बे में एक तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल को इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल भेजा गया, वहां प्राथमिक इलाज के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज आज सामने आया है।



जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार शाम की है। जहां कोलारस कस्बे के जगतपुर चौराहे पर स्कूटी सवार अपनी साइड लेने के लिए सड़क क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से स्कूटी की टक्कर हो गई। इस घटना में स्कूटी सवार दिलीप दोहरे सिर में गंभीर चोट आई हैं। वहीं दो बाइक सवारों को मामूली चोट आईं हैं। बाइक सवार राजेन्द्र प्रजापति ने बताया कि वह अपने एक साथी के साथ खाद के कट्टे को लेकर घर जा रहा था। कोलारस पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री मोदी के स्वप्न टीवी मुक्त भारत को पूर्ण करने में जुटी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश का प्रत्येक नागरिक स्वच्छ और स्वस्थ हों और उनका एक अभियान भी हैं 2025 टीबी मुक्त भारत अभियान, जिसके चलते समुचे देश में क्षयरोग के खिलाफ एक आवाज बुलंद हों चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत को तेजी से पूर्णतः करने के लिए शिवपुरी रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा एक अनुकरणीय पहल की जा रही है। जिसमे टीवी से ग्रसित जनजाति वर्ग के रोगी तथा सभी क्षय रोगियों के लिए पोषण आहार दिया जा रहा है। यह अनुकरणीय पहल जिला कलेक्टर और अध्यक्ष रेडक्रॉस रविन्द्र कुमार चौधरी की प्रेरणा से और रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अरविंद लाल दीवान के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न टीवी मुक्त भारत अभियान को पिछले 7 माह से पूर्ण करने में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शिवपुरी शाखा तन मन और धन से जुटीं हुईं हैं। रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस प्रेसिडेंट आलोक एम इंदौरिया व सचिव समीर गांधी ने संयुक्त रूप से बताया कि 6 माह तक 100 टीवी के मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया। और अब रेड क्रॉस सोसायटी शाखा शिवपुरी द्वारा माह जनवरी 2024 से 425 टीवी मरीजों को पोषण आहार देने का संकल्प लिया गया। टीवी से ग्रसित रोगियों के लिए प्रोटीन की अत्यंत आवश्यकता होती है इसलिए इस पोषण आहार में भारत सरकार के द्वारा तय किए गए मूंगफली, भुना चना, सत्तू, विभिन्न दालें, मक्के का आटा सहित अनेक पौष्टिक आहार शामिल किए हैं। सचिन समीर गांधी ने बताया कि इन पोषण आहारों को जिन बैगों में रखा गया है वे उन महिलाओं के द्वारा बनाए गए हैं जो बेहद जरूरतमंद और निर्धन है तथा इन्हें तथागत फाउंडेशन के सौजन्य से निर्मित कराया गया है। वाइस प्रेसिडेंट इंदौरिया जी व सचिव गांधी ने कहा कि यह सभी क्षयरोग से संक्रमित अधिकतर हमारे सहरिया,आदिवासी भाई निम्न वर्ग से आते है। टीवी से ग्रसित मरीजों के परिवार की पीड़ा को देखते हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को पूरा करने के लिए इस पोषण आहार को समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति को पहुंचाने के लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं।

## बाइक से गिरी किशोरी, अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



कोलारस थाना क्षेत्र के पूरनखेड़ी टोल प्लाजा के पास एक चलती बाइक से 17 साल की मंजू की बाइक से गिरने से मौत हो गई। बताया गया किशोरी अपने जीजा और भतीजे के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के ससुराल जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक का हिस्सा किशोरी से छूता हुआ निकल गया था इसके बाद किशोरी चलती बाइक से गिर पड़ी थी।

रविवार की दोपहर कोलारस थाना क्षेत्र के सनवारा गांव का रहने वाला ललित आदिवासी अपने ससुराल भाटी से अपनी 17 साल की साली मंजू आदिवासी और अपने छोटे बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहे थे। ललित ने बताया कि पूरनखेड़ी टोल प्लाजा से लगे राज होटल के पास एक ट्रक उसकी साली मंजू के पैरों को टच करते हुए निकला था। इससे मंजू चलती बाइक से गिर गई थी। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक मौके से फरार हो गया था। एम्बुलेंस की मदद से तत्काल मंजू को जिला अस्पताल लाया गया था। लेकिन चोंट गंभीर होने के कारण मंजू ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

ग्रामीण बैंक समाज सेवा समिति ने बच्चों को बांटे वस्त्र, खेल-खिलौने और अन्य वस्तुएं

# दिव्यांग और जरूरतमंद बच्चों के बीच मनाया मकर संक्रांति का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी




ग्रामीण बैंक समाज सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी दिव्यांग बच्चों और जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंचकर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। इस बीच जहां पर बच्चों को नवीन परिधान, खिलौने, लड्डू सहित आदि वस्तु में वितरित की गईं। यहां पर बच्चों को खिचड़ी और मंगोड़े भी खिलाएं गए्र। इस मौके पर ग्रामीण बैंक समाज सेवा समिति के सदस्यगण और अन्य समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस मौके पर समाजसेवी भारत अग्रवाल, साहित्यकार प्रमोद भार्गव, पूर्व नगर पालिका सीएमओ रामनिवास शर्मा, मंगलम डायरेक्टर व समाजसेवी डा अजय खेमरिया, रंजीत गुप्ता, राजीव श्रीवास्तव, ग्रामीण बैंक समाज सेवा समिति के संरक्षक संयोजक एसकेएस चौहान, समिति की अध्यक्ष रक्षा श्रीवास्तव, सचिव कपिल गुप्ता सहित ग्रामीण बैंक समाज सेवा समिति के सदस्य गण मौजूद रहे। इस मौके पर मकर संक्रांति का पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन बच्चों और विशेष जरूरतमंद बच्चों में सीडब्ल्यूसीएन छात्रावास और बालग्रह के बच्चे सहित अन्य बच्चे मौजूद रहे।

# दो साल के मासूम ने जहरीली दवा खाई, हालत खतरे से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

तेंदुआ थाना क्षेत्र के लेवा गांव में एक दो साल के मासूम बालक ने छत पर खेलते वक्त गेहूं में कीड़े मारने वाली दवा की पाउच को मुंह में रख लिया। जहरीली दवा का असर होते ही मासूम ने उल्टियां करना शुरू कर दी। तत्काल मासूम को उपचार के लिए कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद अब मासूम की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।



लेवा गांव के रहने वाले देवेंद्र धाकड़ ने बताया कि उसका बेटा ऋतिक शनिवार की शाम घर की छत पर खेल रहा था। खेलते वक्त छत पर पड़ी गेहूं में कीड़े मारने की दवा की पाउच को बेटे ने मुंह में रख लिया था। गनीमत रही कि समय रहते बेटे की मां ने देख लिया था इसके बाद उसके मुंह से जहरीली पाउच निकाल दी थी। कुछ देर बाद बेटे की तबीयत बिगडऩे लगी थी और उसे उल्टियां होने लगी थी। इसके बाद ऋतिक को उपचार के लिए कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां उसकी अब हालत खतरे से बाहर डॉक्टर द्वारा बताई गई है।